# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक हजार अट्ठाइस करोड़ रुपये से अधिक की एक सौ चौदह से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर खुर्रमनगर और मुंशी पुलिया के पास बने चार लेन के दो फ्लाईओवर का भी उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में भारत ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में क्रांति देखी है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगले दो साल में उत्तर प्रदेश का सड़क नेटवर्क अमेरिका से भी बेहतर हो जाएगा और लॉजिस्टिक लागत नौ प्रतिशत के आसपास आ जाएगी । राज्य में निर्यात एक दशमलव पांच प्रतिशत से अधिक बढ़ जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ–दो हजार पचीस में प्रयागराज में सड़क मार्ग से सबसे अधिक वाहन पहुंचे हैं। प्रदेश में बेहतरीन सड़क संपर्क उपलब्ध कराने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी को जाता है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ कानपुर ग्रीनफील्ड एलिवेटेड एक्सप्रेस वे का हवाई मुआयना किया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र संगम पर श्रद्धालुओं के स्नान का सिलसिला जारी है। अंतिम समाचार मिलने तक आज शाम चार बजे तक उन्यासी लाख तिहत्तर हजार श्रद्धालु और कल्पवासी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर चुके थे।

प्रयागराज महाकुंभ में बृहद स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और स्वास्थ्य विभाग के इस संयुक्त अभियान का उद्देश्य महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्वच्छता को गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज करवाना है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओएसडी आकांक्षा राणा ने बताया कि इसके जरिये नदियों और जल निकायों की स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए संदेश दिया जाएगा।

***तीन सौ सफाईकर्मी इकट्ठे एक ही समय में मल्टीपल लोकेशन पर एवर क्लिनिंग कर रहे हैं तो यह पहला रिकॉर्ड है। इसके बाद कल एक स्ट्रिट स्विपिंग का हम रिकॉर्ड करेंगे, जिसमें पंद्रह हजार सफाई कर्मी इकट्ठे स्ट्रीट स्विपिंग करेंगे। और इसके पहले मेला प्रशासन प्रयागराज ने एक रिकॉर्ड स्थापित किया था जिसमें दस हजार लोगों ने सफाई की थी इकट्ठे तो उसी रिकॉर्ड को ब्रेक करने के लिए कल हम लोग एक और अपनी एक्टिविटी करेंगे।***

आज के स्वच्छता अभियान से पहले इसके प्रतिभागी सभी स्वच्छता कर्मियों को क्यूआर कोड के जरिए स्कैन भी किया गया।

**********

काशी तमिल संगमम का तीसरा चरण कल से शुरू होगा। मुख्य आयोजन का उद्घाटन कल नमो घाट पर होगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***संगमम में 200–200 के ग्रुप में कुल 1200 लोग आएंगे। 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में छात्र, शिक्षक, लेखक, किसान, कारीगर, उद्यमी, कलाकार हिस्सा लेंगे। उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में होगा।आने वाले दल के सदस्य काशी के प्रमुख मठ मंदिरों का भ्रमण करेंगे। और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे और काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित एकेडमिक सेशन में भी भाग लेंगे , यह दल प्रयागराज महाकुंभ का हिस्सा भी बनेगा और अयोध्या में रामलला का दर्शन भी करेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह***

वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम के अनुसार इस आयोजन में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय और भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान मद्रास के विद्यार्थी भी हिस्सा लेंगे।

**********

गाजीपुर के सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ विवादित बयान को लेकर शादियाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक इरज राजा ने बताया कि संत रविदास जयंती के मौके पर सांसद द्वारा महाकुंभ के संबंध में दिये गये वक्तव्य को लेकर मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

**********

आकाशवाणी गोरखपुर के सशक्त हस्ताक्षर रहे रविंद्र श्रीवास्तव उर्फ जुगानी भाई का आज बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर पिछले दिनों उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वर्षों तक जुगानी काका के नाम से रेडियो पर कार्यक्रम देने वाले रविंद्र श्रीवास्तव आकाशवाणी गोरखपुर में कार्यक्रम अधिशासी रहे। उनके निधन पर गोरखपुर के साहित्य और पत्रकारिता जगत के लोगों ने गहरा दुख जताया है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने कल से लेकर बीस फरवरी तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं हल्का से लेकर अत्यंत हल्का कोहरा पड़ने की संभावना जताया है। इस अवधि में पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

**********